तेरे होते डूब रही है,
कश्ती श्याम बचा लो,
कश्ती श्याम बचा लो।।

तर्ज मेरे नैना सावन भादो।

कोई नहीं है पास,
एक तुम्हारी आस,
बिजली कड़के,
बादल गरजे,
तेज बहुत है हवाएं,
हमको बहा ले जाए,
आओ चलकर,
माझी बनकर,
अब पतवार सम्भालो,
कश्ती श्याम बचा लो,
कश्ती श्याम बचा लो।।

खा रही हिचकोले,
इधर उधर डोले,
हार गए हम,
कोशिश करके,
दूर बहुत है किनारे,
ओ हारे के सहारे,
तुम तो जादूगर हो बाबा,

जादू कुछ कर डालो,
कश्ती श्याम बचा लो,
कश्ती श्याम बचा लो।।

पूरा भरोसा है,
केवल तेरा है,
छोड़ के तुझपे,
बंद मैं करके,
आँखे बैठ गया हूँ,
रस्ता देख रहा हूँ,
शर्मा का विश्वास ना टूटे,
भवसागर से निकालो,
कश्ती श्याम बचा लो,
कश्ती श्याम बचा लो।।

तेरे होते डूब रही है,
कश्ती श्याम बचा लो,
कश्ती श्याम बचा लो।।

Singer Master Dipanshu

Source:
https://www.bharattemples.com/tere-hote-doob-rahi-hai-kashti-shyam-bacha-lo/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw